# सरकार हर कदम पर व्यापारियों के साथ खड़ी है : प्रभारी मंत्री

▸ सुनी उद्यमियों की समस्यायें, समयबद्ध कार्यक्रम के तहत निराकरण का दिलाया भरोसा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** प्रदेश सरकार हर कदम पर व्यापारियों व उद्यमियों के साथ खड़ी है। सरकार समयबद्ध कार्यक्रम के तहत उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करने के लिये कटिबद्ध है। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कही। सिलावट रविवार को ग्वालियर में कैट (कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) की जिला इकाई द्वारा आयोजित 'व्यापार उद्योग संवाद' में मौजूद शहर के उद्यमियों व व्यापारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद शहर के व्यवसाइयों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिये हर तीन माह में बैठक आयोजित की जायेगी। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हर तीन माह में यह बैठक आयोजित करने की पहल विशेष रूप से की है।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार ऐसा वातावरण तैयार कर रही है, जिससे उद्योगों के निवेश के लिये पर्याप्त अवसर मिलें। उन्होंने कहा किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था केवल सरकार के प्रयासों से नहीं बल्कि सरकार, प्रशासन, उद्योग और व्यापार जगत के सामूहिक सहयोग से आगे बढ़ती है। संवाद ही वह माध्यम है जिससे समस्याओं का समाधान निकलता है और विकास की नई संभावनायें जन्म लेती हैं।

रविवार को स्थानीय होटल में आयोजित हुए व्यापारी संवाद में कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह गुर्जर व जीडीए के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, अपर आयुक्त नगर निगम प्रदीप तोमर, कैट की जिला इकाई के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री रामकुमार गोयल, कोषाध्यक्ष नितिन गोयल, कार्यक्रम संयोजक आकाश जैन तथा राजू



कुकरेजा, अजय मंगल व श्याम शुक्ला सहित कैट के अन्य पदाधिकारी मंचासीन थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार व्यापारियों व उद्यमियों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है। उन्होंने कहा सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अपर आयुक्त नगर निगम प्रदीप तोमर ने कहा कि उद्यमी विकास की रीढ़ होते हैं। शहर के सुनियोजित विकास में हर नागरिक का सहयोग जरूरी है। ग्वालियर शहर को सुंदर व विकसित बनाने के लिये व्यापारी आगे आएं। नगर निगम द्वारा उनकी समस्याओं का तत्परता से समाधान किया जायेगा। उद्यमियों से किया सीधा संवाद व उनकी समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने एक दृ एक कर विभिन्न उद्यमियों की समस्यायें सुनीं। साथ ही समयबद्ध कार्यक्रम के तहत इन समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। श्रीमती अंजलि बत्रा ने ग्वालियर के उत्पादों के लिये एक्जीवीशन सेंटर बनाने एवं महिला औद्योगिक क्षेत्र की मांग रखी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि ग्वालियर मेला परिसर में एक्जीवीशन सेंटर विकसित किया जा रहा है। महिला औद्योगिक क्षेत्र के विकास के संबंध में सरकार गंभीरता से प्रयास करेगी। लघु उद्योग भारती के मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष श्री सोबरन सिंह तोमर द्वारा शहर के शंकरपुर औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान, विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में सड़कों की ओर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रभात चौपड़ा द्वारा किया गया।

# महाराजा अग्रसेन का आशीर्वाद लेकर क्रिएटिव हाउस ने किया जनसंपर्क

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को अब महज पांच दिन शेष हैं। मतदान की तारीख नजदीक आते ही चुनावी माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। विभिन्न पैनलों के प्रत्याशी व्यापारियों के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में पूरी ताकत लगा रहे हैं। इसी क्रम में क्रिएटिव हाउस के उम्मीदवारों ने मुरार और सराफा बाजार में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यापारियों से संवाद किया और आशीर्वाद मांगा। अभियान की शुरुआत मुरार के बारादरी चौराहा स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद प्रत्याशियों ने मुरार क्षेत्र के प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। शाम के समय जनसंपर्क का दूसरा चरण सराफा बाजार में स्वर्णा ज्वेलर्स से प्रारंभ हुआ, जहां पूरे बाजार में व्यापारियों से संपर्क कर चुनावी समर्थन प्राप्त किया गया। संयुक्त अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुरेश बंसल ने कहा कि मुरार और सराफा बाजार के व्यापारियों ने जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ उनका स्वागत किया, उससे वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप नारायण अग्रवाल ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के दौरान व्यापारियों का उत्साहजनक सहयोग और



विश्वास मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्रिएटिव हाउस के सभी प्रत्याशी चुनाव में सफलता हासिल कर चेंबर के माध्यम से व्यापारियों के हितों की मजबूती से आवाज उठाएंगे। वहीं कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय गोयल ने कहा कि लगातार मिल रहे व्यापारी वर्ग के समर्थन और सहयोग से पूरी टीम का उत्साह बढ़ा है। व्यापारियों का आशीर्वाद मिला तो चेंबर को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# ससुराल आए ननदोई ने की हैवानियत, सलहज के साथ किया दुष्कर्म

▸ पुलिस ने दो घंटे में आरोपी को दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहाँ ससुराल आए एक ननदोई ने अपनी ही सलहज के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए आरोपी को घटना के दो घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है।

**भोजन परोसने गई थी पीड़िता:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पतरिया निवासी 28 वर्षीय एक विवाहिता ने शिकायत दर्ज कराई है कि बीती रात करीब 11 बजे अलापुर, ग्वालियर का रहने वाला उनका ननदोई उनके घर आया था। जब पीड़िता उसे भोजन परोसने के लिए कमरे में गई, तो आरोपी ने वहां मौजूद अपनी सास को धक्का देकर कमरे से बाहर निकाल दिया।

**दरवाजा बंद कर की जबरदस्ती:** सास को कमरे से बाहर निकालने के बाद आरोपी ने तुरंत कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने पिच्छोर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

▸ मकान मालिक और ठेकेदार पर केस दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार, उपनगर मुरार के एमएच चौराहे पर रहने वाले रंजीत सिंह उर्फ कालू सखवार मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे ठेकेदार रवि खान के कहने पर पिंटो पार्क आदर्श नगर में स्थित सतेंद्र गुर्जर के निर्माणाधीन मकान पर सेंटिंग का काम करने गए थे। काम के दौरान, सड़क से सरिया ऊपर चढ़ाते समय वह पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह बुरी तरह झुलस गया।

**समय पर उपचार न मिलने से गई जान**

घटना के बाद वहां मौजूद लोग घायल रंजीत को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि करंट लगने के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल नहीं पहुंचाया गया, जिससे समय पर उपचार न मिलने के कारण उनकी जान चली गई।

जांच में सामने आया है कि मकान के पास से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी, जिससे पहले से ही दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। इसके बावजूद, मकान मालिक और ठेकेदार द्वारा न तो विद्युत विभाग से परमिट लिया गया और न ही काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई पर्याप्त उपकरण उपलब्ध कराए गए।

पुलिस ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए मकान मालिक सतेंद्र गुर्जर और ठेकेदार रवि खान के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# स्व. रमन अग्रवाल की पुण्यतिथि पर हुए सेवा कार्य

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** प्रख्यात समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमन अग्रवाल की 8वीं पुण्यतिथि पर ग्वालियर सहित सुदूर अंचलों में वृहद स्तर पर सेवा कार्यों का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि वही है, जो किसी के चेहरे पर मुस्कान लाए। इसी ध्येय के साथ हॉप फॉर ग्रोथ वेलफेयर फाउंडेशन और रमन अग्रवाल सेवा समिति द्वारा ये पुनीत कार्य किए गए।



ग्वालियर के शासकीय विद्यालय, मोहनपुर में बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए नि:शुल्क स्कूल बैग, शिक्षण सामग्री और चॉकलेट बांटी गईं। जयारोग्य अस्पताल, ग्वालियर में मरीजों और उनके परिजनों को नि:शुल्क भोजन एवं फल वितरित किए गए। रतलाम के डूमाहेड़ा व तलावली में दृष्टिहीन, दिव्यांग और असहाय परिवारों को राशन, वस्त्र और मेडिकल किट का वितरण किया गया।

# भाजपा सरकार की छात्र, युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का बिगुल



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली तथा युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित युवा स्वाभिमान मिशन के अंतर्गत 14 जुलाई को इंदोर से प्रारंभ हो रही साईक्लॉथोन यात्रा के 15 जुलाई को भोपाल में होने वाले समापन एवं विशाल प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री निवास घेराव को ऐतिहासिक बनाने के लिए शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर जिला संगठन महामंत्री इब्राहिम पठान की अध्यक्षता में समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों, कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्वालियर शहर जिला कांग्रेस पूरे संगठनात्मक सामर्थ्य के साथ भोपाल में आयोजित आंदोलन में भागीदारी करेगी। सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, अनुसूचित जनजाति कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, सोशल मीडिया विभाग, आईटी सेल तथा समस्त विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संगठित कर भोपाल के लिए रवाना होना सुनिश्चित करें, जिससे 15 जुलाई को कांग्रेस के प्रदेशव्यापी आंदोलन में ग्वालियर की प्रभावशाली एवं अनुशासित भागीदारी दर्ज हो सके।

सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मोर्चा संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सभी प्रत्येक वार्ड, प्रत्येक बूथ एवं प्रत्येक मंडलम से अधिकतम संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भोपाल लेकर पहुंचें। यह समय युवाओं के अधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष का है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इस जन आंदोलन का सिपाही है और ग्वालियर से हजारों काँग्रेसजन भोपाल पहुंचकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक आवाज बुलंद करेंगे।

बैठक में आंदोलन की रूपरेखा, यात्रा व्यवस्था, संगठनवार जिम्मेदारियां एवं समन्वय पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने 15 जुलाई के आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, अनुप शिवहरे, धर्मवीर राठौर, मनीष शर्मा, मुनेन्द्र सिंह भदोरिया, अंसार खान, श्याम सुदंर श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति सिंह, श्रीमती लक्ष्मी माथुर, महेश धनोलिया, राकेश कुशवाह, रूप सिंह राजावत, संजय माहौर, प्रताप राव महाडिक, नरेश शर्मा बिरथरे, फिरोज खान, धर्मेन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।



# दतिया में कांग्रेस की होगी ऐतिहासिक जीत

▸ बूथ-बूथ से कांग्रेस के संकल्प की हुंकार

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ आज बूथ अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव उपस्थित रहे, बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुख बनाने के साथ-साथ आगामी चुनाव की रणनीति तथा प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित विधायकगण, पूर्व विधायकगण, जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के विश्वास और जनहित के मुद्दों को लेकर घर-घर तक पहुंचेगा तथा बूथ स्तर पर संगठन को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगा।

कांग्रेस नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि बूथ की मजबूती ही चुनावी विजय की सबसे सुदृढ़ आधारशिला है। सभी साथियों के समर्पण, एकजुटता और अथक परिश्रम के बल पर दतिया में कांग्रेस की विजय का इतिहास रचा जाएगा तथा प्रदेश में जनभावनाओं के अनुरूप परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थीनी का सही नाम राधेश्वरी (RADHESWARI) है जो कि मेरे पति के सर्विस बुक, पी.पी.ओ और आदि दस्तावेजों में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम **राजेश्वरी** है। राजेश्वरी और राधेश्वरी दोनो ही नाम मुझ एक ही महिला के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम **राजेश्वरी (RAJESHWARI)** के स्थान पर **राधेश्वरी (RADHESWARI)** दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे **राधेश्वरी (RADHESWARI)** के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम : राजेश्वरी (RAJESHWARI)
नया नाम : राधेश्वरी (RADHESWARI)
पति श्री छोटे लाल सिंह (CHHOTE LAL SINGH), निवासी - शताब्दी पुरम ज ब्लॉक
जिला ग्वालियर म.प्र.-474005

## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 09 भवन क्रमांक ....स्थान 49 का भाग, रानीपुरा में स्थित है जो कि कमला देवी / स्व. राम स्वरूप के नाम से नगर निगम में आई डी क्रमांक 9000288006 पर दर्ज है / नहीं है जिसका क्षेत्रफल 357 वर्ग फुट है उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड दान पत्र क्रमांक R - 02072601148365 दिनांक 03/07/2026 द्वारा क्रय / उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है उक्त सम्मत्तिक र मेरे। द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नोमहला पर दिनांक 10/07/2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 61/2010/58458/58660 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम। ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र.202,205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 12-07-2026
आवेदक का नाम/पता
भारती राठौर/ अरुण राठौर
पताः 49 का भाग, रानीपुरा ,ग्वालियर,मध्यप्रदेश

# बरसात में राहत के लिए नगर निगम अलर्ट

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** मानसून के दौरान संभावित जलभराव एवं बाढ़ जैसी आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम स्थित फायर ब्रिगेड मुख्यालय में 24 घंटे संचालित होने वाला बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने नागरिकों से अपील की है कि बारिश के दौरान यदि कहीं जलभराव, बाढ़, आगजनी या अन्य प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदा की स्थिति उत्पन्न होती है, तो तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दें, ताकि संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई कर सके। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि कंट्रोल रूम में प्राप्त प्रत्येक सूचना पर तत्काल संज्ञान लेकर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपदा की सूचना बिना देर किए कंट्रोल रूम को दें तथा अफवाहों से बचते हुए प्रशासन का सहयोग करें।

# रैम्प पर दिखा ग्लैमर का जलवा : मेल,फिमेल और किड्स मॉडल ने जीता दिल



▸ मिस्टर एंड मिस सुपर मॉडल 2026' में 230 युवाओं ने दिया था ऑडिशन,

▸ 70 मॉडल्स ने मुख्य इवेंट में लिया भाग, विजेताओं को वीडियो एल्बम और मैगजीन कवर पर मिलेगा मौका

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** शहर के फैशन और ग्लैमर के क्षेत्र में करियर बनाने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर 12 जुलाई को तब सामने आया जब सिने वर्ल्ड मोशन पिक्चर्स के बैनर तले आयोजित हुए एक फैशन शो 'मिस्टर एंड मिस सुपर मॉडल 2026' में उन्हें रैंप वॉक करने का अवसर मिला। फिल्मी धुन पर फैशन का जलवा बिखते 70 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी का दिल जीता, जिसमें बच्चों की प्रस्तुती बेहद शानदार रही।

विजेताओं को मिलेगा नेशनल प्लेटफॉर्म और वीडियो एल्बम में लीड रोल वीडियो एल्बम 'तू मुंडा है पंजाब का' के प्रोड्यूसर शिवम शर्मा ने कहा कि इस फैशन शो का मुख्य उद्देश्य ग्वालियर और आसपास के अंचलों में छिपी हुई मॉडलिंग प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें एक राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है। इस शो के माध्यम से चुने गए विजेताओं को फैशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के बड़े अवसर तो मिलेंगे ही, साथ ही उन्हें अपकमिंग वीडियो एल्बम 'तू मुंडा है पंजाब का' में मुख्य भूमिका (लीड रोल) निभाने का मौका दिया जाएगा। इसके अलावा विजेताओं का फोटो प्रतिष्ठित मैगजीन के कवर पेज पर भी फीचर किया जाएगा।

**इनका कहना है...**



शहर का यह पहला ऐसा अनूठा फैशन शो है, जहां युवाओं के लिए रजिस्ट्रेशन पूरी तरह से फ्री रखा गया था। इसके साथ ही चयनित मॉडल्स को ग्रूमिंग क्लास भी मुफ्त दी गई। इस शो को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया, जहां शहर के 230 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर ऑडिशन दिया। इनमें से कड़े मुकाबले के बाद सर्वश्रेष्ठ 70 मॉडल्स को मुख्य इवेंट के लिए सिलेक्ट किया गया था।

**अनुज श्रीवास्तव,डायरेक्टर सिने वर्ल्ड मोशन पिक्चर्स**



बॉडी लैंग्वेज दिखा सभी का, टॉप मॉडल जैसा कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी मॉडल्स का बॉडी लैंग्वेज, रैंप वॉक, पर्सनल स्टाइलिंग और कम्युनिकेशन स्किल्स (बातचीत की कला) शानदार आरती पूरा कार्यक्रम देखने के बाद ऐसा लगा जैसे देश के टॉप मॉडल रैंप वॉक कर रहे हो। **तनुज शर्मा**



ग्रूमिंग क्लास में मॉडल को दी गई शिक्षा उनके करियर और भविष्य के लिए बेहद मददगार साबित होंगी आज के कार्यक्रम में भी मंच पर यही देखने को मिला नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी शानदार प्रेजेंटेशन देकर सभी का दिल जीता। **रोहित सिंह**

**रैंप पर आत्मविश्वास और सही पहनावा ही सफलता की कुंजी : अनीति**

फैशन की बारीकियों पर बात करते हुए कोरियोग्राफर अनीति सिंह ने बताया कि किसी भी मॉडल के लिए ऐसा पहनावा चुनना बेहद जरूरी है जो उनके कॉन्फिडेंस और डिजाइनर के विजन को बखूबी प्रदर्शित कर सके। उन्होंने कहा कि रैंप वॉक करते समय मॉडल्स का स्टाइल पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरा, संतुलित और सीधा होना चाहिए, ताकि वे कपड़ों की खूबसूरती को दर्शकों के सामने सही तरीके से पेश कर सकें।

# मनोरंजन पार्क में उमड़ा भक्ति,उत्साह का सैलाब

▸ तीन दिव्य साधकों का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 12 जुलाई।** बिरला नगर स्थित मनोरंजन पार्क में हाल ही में एक आध्यात्मिक और हर्षोल्लास भरे वातावरण में विशेष उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तीन महान साधकों के जन्मदिवस को समर्पित था, जहाँ ध्यान, नृत्य और भक्तिमय संगीत के साथ खुशियाँ साझा की गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ध्यान प्रभु राजेन्द्र जैन और विशेष अतिथि डॉ. विनय कुमार राय ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अपने संबोधन में दोनों महापुरुषों ने जीवन में ध्यान, अनुशासन और सकारात्मकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल आपसी प्रेम को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार भी करते हैं।



उत्सव का वातावरण तब और भी आनंदमयी हो गया जब सभी साधक भक्ति भजनों और नृत्य में डूब गए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें छाछ, गुड़ का पानी और मौसमी फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में रघुराज सिंह भदौरिया ने सभी उपस्थित अतिथियों और साधकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी का दिव्य आगमन हमारे लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी आगंतुकों ने तीनों साधकों को उनके अवतरणदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और इस आयोजन की सराहना की।

**दिव्य साधकों का हुआ सम्मान**

इस आयोजन में तीन प्रमुख साधकों के अवतरण दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साधक रघुराज सिंह भदौरिया का 68वाँ, सुबोध सेंगर का 54वाँ और श्रीमती शिवानी त्रिपाठी का अवतरणदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीनों साधकों ने अपने जीवन की ऊर्जा को मानवता और ध्यान की सेवा में समर्पित कर रखा है, जिसकी झलक कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट दिखाई दी।

## नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 20 वार्ड क्रं. 47, भवन क्रं. 101, स्थान: कंघी वाला मोहल्ला उटारखाना पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मलका देवी पत्नी श्री नवाब सिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000336952 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत-पत्र क्र. A3670984 दिनांक 28.12.2016 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सिंधी कालोनी क्षे.क्रं. 20 पर दिनांक 10.07.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 74/2010/65824/65880/प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**अनूप सिंह पुत्र स्व. श्री नवाब सिंह**
पता : कंघी वाला मोहल्ला उटारखाना, वार्ड-47
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 12-07-2026